Registration No. RAJBIL/2016/69093
OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI

लघु उद्योग भारती

# UDYOG TIMES

Volume - 7 Issue - 05 March 2024
Total Pages - 26 Price - Rs. 10





Labor Law Consultant Advocate Gurpreet Singh was Keynote Speaker in the Monthly Meeting conducted by LUB's Jalandhar Unit on 29th March, 2024.



LUB's Purvottar Prant held its 6th Executive Meeting with Discussion on Vast Agenda including 9 Pillars Working Format, IIF, Unnati Scheme on 23rd to 25th March, 2024.



LUB's North Bengal Sambhag conducted a Seminar on Prospects of Rubber Industry in North Bengal in association with Rubber Board of India in the presence of Chairman Dr. Sawar Dhanania at Rubber Board Nagrakata on 6th March, 2024.




LUB's West Bengal Unit started a Computer Training Centre for Students under Swavlambi Bharat Abhiyan in presence of Prant Sangh Chalak Shri Jayanto Paul.



LUB's J&K Unit convened a Crucial Meeting of Office Bearers and Core Executive Members Chaired by RSS Prant Pracharak Shri Rupesh Kumar.



LUB's Gram Shilpi Prakoshth supported by Devas Unit Displayed a Cotton Industry Model under Swavlambi Bharat Abhiyan.

# UDYOG TIMES

OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI

**Volume -7** **Issue - 05** **March, 2024**


## Editorial Board


**■ Patron**

| | |
|---|---|
| Shri Ghanshyam Ojha, National President | 098290-22896 |
| Shri Prakash Chandra ji, National Org. Secretary | 099299-93660 |
| Shri Om Prakash Gupta, National Gen. Secretary | 095602-55055 |

**■ Publisher**

| | |
|---|---|
| Om Prakash Mittal, Past President | 094140-51265 |

**■ Editor**

| | |
|---|---|
| Dr. Kirti Kumar Jain | 094141-90383 |

**■ Associate Editor**

| | |
|---|---|
| Mahendra Kumar Khurana | 098290-68865 |

**■ Co-Editor**

| | |
|---|---|
| Dr. Sanjay Mishra | 098295-58069 |


## विवरणिका


| | |
|---|---|
| Editorial | 03-03 |
| लघु उद्योग भारती – प्रगति पथ पर .. | 04-12 |
| प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना.. | 12-12 |
| News in Brief ... | 13-15 |
| LUB's News in Brief ... | 16-24 |



***Price - 10/-*** ***Life Membership 1000/-***

An In-House Monthly Magazine of Laghu Udyog Bharati
published by Om Prakash Mittal
Mail: opmittal10256@gmail.com Web : www.lubindia.com

**Corporate Office & Head Office :**
Plot No. 48, Deendayal Upadhyay Marg,
New Delhi-110002
Ph.: 011-23238582

**Registered Office :**
Plot No. 184, Shivaji Nagar, Nagpur-440011
Ph.: 0712-2533552


# India Must Become 'Financially Aatmanirbhar' in 10 Years



**Editorial**


**Dr. Kirti Kumar Jain**
kkjain383@gmail.com


The vision articulated by the Prime Minister at the 90th anniversary celebrations of the Reserve Bank of India (RBI) aligns with a broader national aspiration for India to achieve financial self-reliance and continued progress. Here are some key points to consider based on the Prime Minister's remarks:

Diversification of Economy: India's emphasis on opening up new sectors such as green energy, digital technology, defense, MSMEs, space, and tourism reflects a strategic shift towards diversifying the economy. This diversification can help reduce dependency on traditional sectors and foster innovation and growth in emerging industries.

Youth Empowerment: Addressing the aspirations of the youth is crucial for India's future prosperity. By developing policies tailored to the needs of emerging sectors, the RBI and the government can create an enabling environment for young entrepreneurs and professionals to thrive and contribute to economic growth.

Global Economic Integration: While striving for financial independence, it's essential for India to remain engaged with the global economy. Balancing the need for economic growth with inflation control requires prudent monetary and fiscal policies that take into account both domestic priorities and global economic trends.

Policy Clarity and Effectiveness: The Prime Minister's emphasis on policy clarity, comprehensive reforms, and effective implementation mechanisms such as the Insolvency and Bankruptcy Code (IBC) highlights the importance of good governance and regulatory frameworks in driving economic growth and stability.

Capital Infusion and Banking Sector Reform: The capital infusion of Rs. 3.5 lakh crore into public sector banks and the focus on recognition, resolution, and recapitalization strategies underscore the government's commitment to strengthening the banking sector and addressing issues related to non-performing assets (NPAs) and credit availability.

Overall, the Prime Minister's vision underscores the importance of proactive and innovative policymaking, youth empowerment, and strategic economic reforms in realizing India's aspirations for financial self-reliance and continued progress.

□□□

# लघु उद्योग भारती - प्रगति पथ पर

सन् 1994 में स्थापित लघु उद्योग भारती सूक्ष्म व लघु उद्योगों के हितार्थ कार्यरत अखिल भारतीय स्तर का एकमात्र राष्ट्रव्यापी संगठन है। भारत के सभी राज्यों में लघु उद्योग इकाइयां कार्यरत हैं। देश के 540 जिलों में 930 इकाईयां औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत हैं। सूक्ष्म व लघु उद्योग क्षेत्र में व्याप्त विविध समस्याओं का स्थानीय औद्योगिक संगठनों के साथ तालमेल बिठाकर जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर निराकरण लघु उद्योग भारती द्वारा निरंतर किया जा रहा है, राज्य सरकार व केन्द्र सरकारको उद्योग हित में समय-समय पर उचित सुझाव देकर नीति-निर्धारण में सहयोग किया जाता हैतथा उद्यमिता सृजन, स्वरोजगार, आयात घटाने व निर्यात बढ़ाने, श्रमिकों को रोजगार के साधनों की उपलब्धता बढ़ाने हेतु प्रयास किये जाते हैं।

पर्यावरण संरक्षण व सेवा कार्यों में भी लघु उद्योग भारती सदैव अग्रणी भूमिका निभा रही है। लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय, प्रदेश, अंचल, संभाग, प्रान्त तथा इकाई स्तर पर प्रति दो वर्ष में चुनाव या सर्वसम्मति से पदाधिकारी चयनित किये जाते हैं। अखिल भारतीय स्तर पर वर्ष में तीन बार कार्यसमिति तथा दो बार कार्यकारिणी की बैठक विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाती है। प्रतिवर्ष साधारण सभा का आयोजन भी किया जाता है। कोरोना काल में लघु उद्योग भारती की अधिकांश बैठक ऑनलाइन की गयीं। कोरोना के बाद अखिल भारतीय कार्यकारिणी की बैठक 18-20 अक्टूबर, 2021 को नोएडा, अखिल भारतीय कार्यसमिति की बैठक 20-21 दिसंबर, 2021 को जोधपुर (राजस्थान), अखिल भारतीय कार्यसमिति व कार्यकारिणी की बैठक 23-25 अप्रैल, 2022 को गुवाहाटी (असम) में आयोजित की गई, 23-24 जुलाई, 2022 को कर्णावती (अहमदाबाद) में अखिल भारतीय पदाधिकारी अभ्यास वर्ग परम पूज्य सरसंघचालक माननीय मोहन जी भागवत के सानिध्य में आयोजित किया गया। इसके बाद 24-25 सितम्बर, 2022 को हरिद्वार (उत्तराखंड) में राष्ट्रीय कार्यसमिति व कार्यकारिणी एवं 09-10 जनवरी, 2023 को कोयम्बटूर (तमिलनाडु) में राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। 23-25 अप्रैल, 2023 को अखिल भारतीय कार्यसमिति व कार्यकारिणी की बैठक जम्मू तथा 23-25 अगस्त, 2023 को अखिल भारतीय कार्यसमिति व कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में तत्पश्च्यात 29-30 दिसंबर, 2023 को कार्यसमिति की बैठक काशी (उत्तर प्रदेश) में सम्पन्न हुई। सभी बैठकों व अभ्यास वर्ग में सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी प्रान्तों का प्रतिनिधित्व रहा।

अखिल भारतीय कार्यसमिति व कार्यकारिणी की आगामी बैठक बेलगाव (कर्नाटक) में 21-23 अप्रैल, 2024 को होनी निश्चित हुई है। लघु उद्योग भारती की सदस्य संख्या, इकाई संख्या का सम्पूर्ण भारतवर्ष में कोरोना के बाद बड़ी तेजी से विस्तार हुआ है तथा अभी वर्तमान में काशी बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने संघ के शताब्दी वर्ष 2025 को ध्यान में रखते हुए लघु उद्योग भारती के विस्तार व प्रभाव को बढाने के उद्देश्य से बड़े उत्साहपूर्ण वातावरण में नये लक्ष्य तय किये हैं। लघु उद्योग भारती का तुलनात्मक वृत्त निम्नानुसार है-

| अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक | नोएडा अक्टूबर 2021 | जोधपुर दिसम्बर 2021 | गुवाहाटी अप्रैल 2022 | कर्णावती जुलाई 2022 | हरिद्वार सितम्बर 2022 | कोयम्बटूर जनवरी 2023 | जम्मू अप्रैल 2023 | दिल्ली अगस्त 2023 | काशी दिसम्बर 2023 | फरवरी 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्ययुक्त जिले (कुल जिले 733) | 426 | 428 | 457 | 486 | 486 | 492 | 501 | 522 | 528 | 540 |
| इकाईयां | 502 | 510 | 673 | 713 | 734 | 741 | 778 | 789 | 890 | 930 |
| सदस्य | 27436 | 29378 | 32013 | 35423 | 37117 | 38384 | 41256 | 43974 | 45935 | 48510 |
| महिला इकाई | 18 | 19 | 25 | 27 | 30 | 30 | 33 | 34 | 37 | 40 |
| महिला सदस्य | 1173 | 1310 | 1572 | 1403 | 2078 | 2369 | 2399 | 2620 | 2936 | 3141 |

काशी बैठक में वर्ष 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया गया– 700 जिले, 1000 इकाईयां व 82500 सदस्य।

लघु उद्योग भारती की अखिल भारतीय कार्यसमिति 2023–25 के प्रमुख पदाधिकारियों के नाम, पते तथा फोन नंबर निम्नानुसार है–

| क्र. | नाम एवं पता | दायित्व | फोन/ईमेल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री घनश्याम ओझा<br>मैसर्स एस.आर.एम. एलॉयज़ प्रा. लि.<br>ई–75, एम.आई.ए., फेस–2, बासनी,<br>जोधपुर–342005 (राजस्थान) | अध्यक्ष | M) 9829022896/9928125000<br>Email:- president@lubindia.com<br>gs.ojha@rediffmail.com |
| 2. | श्री प्रकाशचंद्र जी<br>भारती भवन, बी–15, न्यू कॉलोनी,<br>सिंहद्वार के पास, जयपुर (राजस्थान) | संगठन महामंत्री | (M) 7014559986<br>Email: rssprakashjpr1985@gmail.com |
| 3. | श्री ओमप्रकाश गुप्ता<br>मैसर्स मॉडर्न फलौर मिल्स लिमिटेड<br>बी–15, लॉरेंस रोड,<br>नई दिल्ली–110035 | महामंत्री | (M) 9560255055<br>Email: gs@lubindia.com,<br>om.modern@gmail.com |
| 4. | श्री समीर मूंदड़ा<br>मैसर्स देवास हाईड्रोक्यूप प्रा. लि.<br>65, इन्डस्ट्रीयल एरिया –3, ए.बी. रोड़,<br>देवास–455001 (मध्यप्रदेश) | कोषाध्यक्ष | (M) 9425048018<br>Email: sameer_mundra@yahoo.co.in |

**श्री विश्वकर्मा भवन, नई दिल्ली–**

लघु उद्योग भारती का राष्ट्रीय कार्यालय श्री विश्वकर्मा भवन, 48, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, राऊज एवेन्यू, नई दिल्ली में बनकर तैयार हो गया जिसका विधिवत् लोकार्पण माननीय सह सरकार्यवाह जी व हमारे सम्पर्क अधिकारी डॉ. कृष्णगोपाल जी, अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री प्रकाश चंद्र, केन्द्रीय मंत्री श्री नारायण राणे, श्री अर्जुनराम मेघवाल एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बलदेव भाई प्रजापति की उपस्थिति में 18 अक्टूबर, 2021 को हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आये अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

इस भवन में भूतल तथा चार मंजिल निर्मित है जिसमें एक बड़ा हॉल 125 व्यक्ति क्षमता, कांफ्रेंस हॉल 50 व्यक्ति क्षमता, 25 व्यक्तियों का ट्रेनिंग कक्ष, बैठक कक्ष, तीन आवासीय कक्ष आदि निर्मित हैं, दिल्ली में अपना विश्वकर्मा भवन बनने से हमारे कार्यों में गुणात्मक व संख्यात्मक वृद्धि हुई है। भवन के अलग–अलग कक्षों में नियमित रूप से लघु उद्योग भारती एवं विचार परिवार के अन्य संगठनों की नियमित बैठक हो रही हैं। इसी प्रकार विभिन्न उत्पाद–समूहों को लेकर विषय–विशेषज्ञ व संबंधित सरकारी अधिकारियोंके साथ में सेमिनार व कार्यशाला आयोजित हो रही हैं। भवन पूर्णतया आधुनिक व तकनीकी सुविधाओं तथा डिजिटल स्टूडियो से परिपूर्ण सौर ऊर्जा से भी संचालितहै। दिल्ली के हृदय स्थली में होने से भविष्य में भवन में लघु उद्योग भारती के संगठन विस्तार व लघु उद्यमियों के विकास व विस्तार के लिये मील का पत्थर साबित होगा।

**उद्योग टाइम्स–**

लघु उद्योग भारती की मासिक पत्रिका 'उद्योग टाइम्स' का प्रकाशन नियमित रूप से किया जा रहा है। कोरोना के बाद से

डिजिटल एडिशन तैयार किये जा रहे हैं। उद्योग टाइम्स संगठन के सभी सदस्यों के साथ केन्द्र सरकार के मंत्री, सचिव व राज्यों के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, उद्योग मंत्री व संबंधित सचिवों को भेजा जा रहा है। भविष्य में उद्योग टाइम्स अन्य औद्योगिक संगठनों एवं हमारे अन्य अनुषांगिक संगठनों को भी भिजवाने की व्यवस्था की जाएगी। इसी प्रकार भविष्य में सभी जिला केंद्रों के सरकारी विभागों को भी पत्रिका को भिजवाया जायेगा। उद्योग टाइम्स में संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यों के साथ औद्योगिक नीतियां एवं उद्योगों से संबंधित सरकारी नोटिफिकेशन व अन्य उपयोगी जानकारी का प्रकाशन किया जाता है।

साप्ताहिक समाचार-पत्र- सूक्ष्म व लघु उद्योगों, आर्थिक जगत, तकनीकी क्षेत्र से सम्बन्धित समाचारों व सूचनाओं आदि का संकलन साप्ताहिक रूप से प्रकाशित कर वेबसाइट और ईमेल के द्वारा सभी सदस्यों की जानकारी के लिए प्रेषित किया जाता है।

**मूलभावना एवं योजनाएं-**

* उद्यमशीलता प्रोत्साहित करना।
* छोटे और लघु उद्योग के सम्पूर्ण एवं सतत विकास के साथ देश का सतत विकास करना।
* परिवार के रूप में उद्योग का संचालन करना जिसमें मालिक, कार्यकर्ता, ग्राहक और आपूर्तिकर्ता परिवार के सदस्योंके रूप में हों।
* लाभकारी रोजगार को बढ़ावा देना ताकि प्रत्येक व्यक्ति के जीवनका स्तर बेहतर हो सके।
* प्रतिस्पर्धा की गुणवत्ता के साथ उत्पादकता में निरन्तर वृद्धि को बनाये रखना व उत्पादन लागत को कम करना।
* उच्चतम गुणवत्ता के साथ विश्व की श्रेष्ठ वस्तुओं का निर्माण।
* छोटे और लघु उद्योग में स्वदेशी प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना।
* छोटे और लघु उद्योग में अनुसंधान और विकास की गतिविधियों को प्रोत्साहित करना।
* उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के लिए छोटे और लघु उद्योग को स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना।
* पर्यावरण के अनुकूल तरीके से छोटे एवं लघु उद्योग संचालित करना।
* उपक्रमों में क्लस्टर गठन के माध्यम से आर्थिक असंतुलन का मुकाबला करने के लिए विनिर्माण गतिविधि को त्वरित करना।
* अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा हासिल करना व आयात के विकल्प देश में बने निर्यात को प्रोत्साहन देना।
* कुशलता के माध्यम से मानव संसाधनों की क्षमता निर्माण में वृद्धि करना।
* परम्परागत ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहित करना।

**लघु उद्योग भारती का निम्नलिखित समितियों में प्रतिनिधित्व है-**

* एमएसएमई पर गठित संसदीय स्थायी समिति
* एमएसएमई बोर्ड
* अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ)
* राष्ट्रीय मानक ब्यूरो (बीआईएस)
* प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री द्वारा गठित बजट पूर्व मंत्रणा समिति
* वाणिज्य मंत्रालय - बोर्ड ऑफ ट्रेड (BOT)
* रिजर्व बैंक द्वारा गठित ऋण प्रवाह (क्रेडिट फ्लो) पर समीक्षा समिति
* उद्योग मंत्रालय का संचालन (गवर्निंग) एवं तकनीकी अनुमोदन बोर्ड
* एमएसएमई को पुरस्कार देने वाली राष्ट्रीय चयन समिति
* केन्द्रीय एवं राज्य श्रमिक शिक्षा बोर्ड
* श्रम कानूनों के लिए गठित कार्यदल (टास्क फोर्स)
* श्रम व रोजगार मंत्रालय द्वारा गठित समितियां
* ईएसआईसी केन्द्र व राज्य स्तरीय सलाहकार समितियां
* प्रोविडेंट फण्ड - केन्द्र व राज्य स्तरीय सलाहकार समितियां
* राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड
* उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समिति एससी-एसटी हब
* राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद
* जीएसटी से सम्बन्धित परामर्श समिति

इसके अलावा विभिन्न राज्यों में उद्योगों से संबंधित समितियों में लघु उद्योग भारती के सदस्यों को प्रतिनिधित्व के तौर पर मनोनीत किया गया है। लघु उद्योग भारती की इकाईयों को सक्रिय रखने के लिये इकाई स्तर पर 6 अनिवार्य कार्य तय किये गये हैं इन कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से सम्पन्न करने के लिये कार्यक्रमों का जिम्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राष्ट्रीय सचिव को दिया गया है। इनके द्वारा इकाई स्तर तक प्रभावी मैकेनिज्म तैयार किया जा रहा है जिससे प्रत्येक करणीय कार्य समय पर व निरन्तर सम्पन्न हो।

| क्र. | अनिवार्य कार्य | कार्य का प्रकार | संबंधित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव |
|---|---|---|---|
| 1. | मासिक बैठक (इकाई अनुसार) | 1. बैठक में उद्यमी समस्या व समाधान पर चर्चा तथा प्रयास<br>2. सरकारी नीतियों पर चर्चा | श्री अरविन्द धूमल<br>श्री श्याम सुन्दर सलूजा |
| 2. | स्थापना दिवस (25 अप्रैल) | 1. संगठन विस्तार पर चर्चा तथा प्रयास<br>2. सेवा कार्य<br>3. कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रमश्री रविन्द्र सोनावने | श्री विक्रम बिन्दल |
| 3. | विश्वकर्मा जयन्ति (17 सितम्बर) | 1. श्रमिक कल्याण कार्यक्रम (बच्चों की निशुल्क शिक्षा, यूनिफॉर्म एवं किताबों में सहयोग)<br>2. श्रमिक/उद्यमी समरसता कार्यक्रम<br>3. पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम, एक उद्यमी-एक पेड़<br>4. प्रदूषण घटाने की तकनीक पर सेमिनार | श्री ताराचन्द गोयल<br>श्री प्रवीण अग्रवाल |
| 4. | होली/दीपावली/हिन्दू नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम | 1. पारिवारिक स्नेह मिलन<br>2. कुटुम्ब प्रबोधन कार्यक्रम<br>3. बुजुर्गों का सम्मान<br>4. रंगमंचीय / सांस्कृतिक कार्यक्रम | श्री एम एस दादू<br>श्री इन्द्र कुमार अग्रवाल |
| 5. | उद्यमी सम्मेलन (इकाई/जिलानुसार) | 1. उद्यमी सम्मेलन (वर्ष में एक बार)<br>2. श्रमिक एवं उद्यमी सम्मान कार्यक्रम<br>3.क्षेत्रीय उद्यमी समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार तक पहुंचाना तथा समाधान का प्रयास करना | श्री पी एस श्रीकान्त दत्ता<br>श्री नरेश पारीक |
| 6. | उद्यमिता विकास | 1. उद्यमिता विकास के लिये युवाओं को उद्योग लगाने के लिये प्रेरित करने के कार्यक्रम करना<br>2. सेमिनार/कार्यशाला आयोजित करना<br>3. सरकारी/अर्द्धसरकारी/निजी विभागों के साथ कार्यशाला | श्री हरीहरन् रामामूर्ति<br>श्रीमती अंजू बजाज |

लघु उद्योग भारती के द्वारा सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों के विकास हेतु काफी आयाम तय किये गये हैं जिसमें से कुछ प्रमुख आयाम निम्नानुसार है-

| क्र. | आयाम | कार्य विवरण |
|---|---|---|
| 1. | ग्रामशिल्पी | 1. ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देना<br>2. परम्परागत कार्यों को अगली पीढी में नई तकनीक के साथ बढ़ाने हेतु प्रयास करना (जैसे बढ़ई, लोहार, चर्मकार इत्यादि कार्य)<br>3. होली, दीपावली, राखी एवं अन्य त्यौहारों पर स्थानीय उद्योगों द्वारा उत्पाद बनाकर विक्रय में सहयोग करना |
| 2. | उत्पाद-समूह | 1. 20 से अधिक उत्पाद समूह बनाये गये हैं<br>2. समूह द्वारा आयात के विकल्प प्रस्तुत करना<br>3. समूह द्वारा निर्यात को बढावा देने हेतु प्रयास करना |
| 3. | महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम | 1. महिला उद्यमिता सृजन एवं विकास<br>2. घरेलू उत्पादों को नई तकनीक के साथ बनाने हेतु कार्यशाला आयोजित करना<br>3. मेले / प्रदर्शनी के माध्यम से विपणन में सहयोग करना |
| 4. | स्वरोजगार (स्वावलम्बी भारत अभियान) | 1. स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण देना<br>2. मशीन, वित्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना<br>3. विपणन में सहयोग |
| 5. | जनसंचार आयाम | 1. सरकारी नीतियों, अधिसूचना व अन्य जानकारी का प्रचार व प्रसार<br>2. नेटवर्किंग<br>3. व्यापार विकास<br>4. वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इत्यादि |

**1. ग्राम शिल्पी एवं घरेलू कुटीर उद्योग-** वर्तमान में राज्य / प्रान्त स्तर पर समितियां गठित कर होली, दीपावली व अन्य त्यौहारों पर ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत शिल्पियों को उनके उत्पाद व विपणन में सहयोग किया जा रहा है। ग्रामशिल्पियों के माध्यम से मिट्टी के दीपक, मिट्टी के बर्तन, राखी, मिट्टी की मूर्तिया, कपड़े की झालर, रुई की बत्ती, कॉटन वेस्ट के उत्पाद, सैनेटरी नैपकिन, गुलाल, असम में बिहू त्योहार पर गगना (बम्बू), ढोल, फूलन गमछा, बिहार में मखाना, जूते एवं फुटवियर केरल में Best From Waste के सिद्धांत पर गलीचों का निर्माण, डोरमेट जैसे उत्पादों के उत्पादन व विपणन में सहयोग किया जा रहा है। इस आयाम द्वारा राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, आसाम, बिहार, केरल आदि राज्यों में अच्छा कार्य चल रहा है।

शीघ्र ही इस कार्य को सभी राज्यों में विस्तारित किये जाने के प्रयास जारी है। ग्राम शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों को विपणन में सहयोग हेतु ग्राम शिल्पी मेला नवम्बर 2022 बेलगावी कर्नाटक में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें स्थानीय व देश के अनेक भागों से ग्राम शिल्पियों ने भाग लिया। लघु उद्योग भारती के लिये प्रसन्नता की बात है कि रेलवे मंत्रालय भी देश के 500 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर ग्राम शिल्पियों, कुटीर उद्योगों से निर्मित एवं हस्तशिल्पियों के द्वारा निर्मित उत्पादों का "One Station One Product" की योजना के तहत बहुत सस्ती दरों पर जगह उपलब्ध करवा रहे हैं।

**2. उत्पाद-समूह-** देश के विभिन्न राज्यों में 20 से अधिक उत्पाद समूह (100 से अधिक उत्पाद) बनाये गये हैं जैसे छाता उद्योग, सिलाई मशीन कलपुर्जे, स्क्रीनिंग मशीन, इंजीनियरिंग कलपुर्जे, डीजल इंजन पार्ट्स, बेयरिंग / बेयरिंग पार्ट्स, डायमंड कटिंग टूल्स आदि इन समूहों के द्वारा निर्यात बढ़ाने तथा आयात

घटाने, गुणवत्ता बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने के निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर रक्षा प्रयोगशाला के माध्यम से सैन्य उत्पादों की प्रदर्शनी व कार्यशाला आयोजित कर इन उत्पादों को स्थानीय उद्यमियों द्वारा विकसित किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। प्रत्येक उत्पाद समूह के राष्ट्रीय स्तर के व्हाट्सऐप ग्रुप बनाए गए हैं। सदस्य अपनी समस्याएं व उनके निराकरण के सुझाव व प्रत्येक उत्पाद में गुणात्मक व संख्यात्मक वृद्धि एवं विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धी कैसे बनें, इस पर नियमित संवाद करते रहते हैं।

**3. महिला उद्यमिता विकास**– देश की आधी आबादी महिलाओं की है, महिलाएँ सभी क्षेत्रों में आगे आ रही हैं। उद्योग क्षेत्र में महिलाएं भी पुरुषों के मुकाबले अपने उद्योगों को बहुत ही प्रभावी तरीके से संचालित कर रही हैं। महिलाओं को उद्योग क्षेत्रों में बढ़ावा देने के लिए लघु उद्योग भारती में अलग से जिला स्तर पर महिला इकाइयों का गठन किया जा रहा है। अब तक देश में 37 इकाईयों के माध्यम से 2936 महिलाओं को संगठन से जोड़ा गया है। महिलाओं को उद्योग क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं इस हेतु विभिन्न सेमिनार / कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण, बैंकों के माध्यम से वित्त सहयोग, विपणन में सहयोग किया जाता है। इसमें स्वयंसिद्धा नाम से नियमित अंतराल से मेले आयोजित किये जा रहे हैं। महिला उद्यमिता प्रोत्साहन में राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

**4. स्वरोजगार**– युवाओं को स्वयं का उद्योग स्थापित कर रोजगार प्रदाता बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस हेतु उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम, संसाधन, वित्त सहयोग, विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से उद्योग क्षेत्र में उत्पादन, विपणन, गुणवत्ता, उत्पादन लागत घटाने की जानकारी दी जाती है। स्वरोजगार की जानकारी देने के लिए देश के विभिन्न शहरों में 50 से अधिक केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

जयपुर कौशल विकास केंद्र– उद्यमिता व कौशल विकास के प्रोत्साहन लिए, 125000 वर्ग फुट में फैले लगभग 500 छात्रों के लिए 6 मंजिला कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का जयपुर में निर्माण कार्य बड़ी तीव्र गति से चल रहा है। इसमें 170 छात्रों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। इससे हजारों युवा प्रशिक्षण प्राप्त करके लाभान्वित होंगे।

**5. महिला स्वावलंबन**– राजस्थान के पाली शहर में सिलाई केंद्र, लाख की चूड़ी कार्य का सौन्दर्यीकरण, मेंहदी प्रशिक्षण, ब्यूटी पार्लर (मातृ–शक्ति श्रृंगार) एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रकल्पों द्वारा 3000 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया। 2200 महिलाओं को 3000 रुपये की अग्रिम राशि व 1100 रुपये की मासिक किस्त पर सिलाई मशीनें उपलब्ध करवायी गई जिससे प्रति महिला परिवार मासिक आय 20,000 तक पहुंच गई है।

* चूड़ी सज्जा की 600 मशीनें (11000 अग्रिम राशि व 2000 मासिक किश्त) पर उपलब्ध करवाकर 3000 महिलाओं को स्वरोजगार युक्त किया गया ।
* डूंगरपुर में सबमर्सिबल पम्प फिटर प्रशिक्षण द्वारा 100 से अधिक युवाओं को एवं मिट्टी के दीपक व उपयोगी उत्पाद बनाने के उद्योग में 200 युवकों को जोड़ा गया।
* जोधपुर शहर में काजरी के सहयोग से 60 महिलाओं को बाजरा, ज्वार, मक्का आदि मोटे अनाज के विभिन्न बिस्किट, कुरकुरे, भुजिया, पोहे बनाने का प्रशिक्षण दिया।
* भारत सरकार द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ को वर्ष 2023 मिलेट MILLET YEAR या मोटा अनाज वर्ष घोषित करवाया। लघु उद्योग भारती जोधपुर प्रान्त ने त–20 रोजगार समूह की बैठक में 29 देशों व 8 विश्वव्यापी संगठनों के समक्ष मोटे अनाजों का जीवन्त प्रदर्शन किया। एयरपोर्ट लॉज में यह प्रदर्शनी विदेशी मेहमानों की सराहना का केंद्र बनी।
* मध्यप्रदेश में राखी व गुलाल निर्माण प्रशिक्षण व विपणन केंद्र के माध्यम से 100 स्टोर लगायेगें।
* देवास व उज्जैन में 2 स्टोर आरम्भ हुए। भोपाल में सरवर एवं मुगलिया पंचायत में प्रशिक्षण दिए गए।
* केरल में Coir Board Training Program चल रहे हैं।
* गुजरात में सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटी पार्लर, बांस का काम, खिलौने बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
* असम में दीपक निर्माण का कार्य व उसके लिये मशीन की व्यवस्था, ऑर्गेनिक खेती, हल्दी, पाइनेपल के ऊपर मूल्य संवर्धन का कार्य किसान संघ और सहकार भारती के साथ चला रहे हैं। विश्वविद्यालय के साथ मिलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहे हैं। छात्रों को उद्योग भ्रमण करवा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सिलाई प्रशिक्षण और मशीन उपलब्ध करवा रहे हैं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण की किट दी जा रही है। मशरूम की खेती का प्रशिक्षण दे रहे हैं।
* कर्नाटक में 12 इंजीनियरिंग व डिप्लोमा कॉलेज के साथ मिलकर स्वरोजगार के लिये काम कर रहे है। इंडिया मैन्युफैक्चरिंग, सपोर्ट व एग्री टेक्नोलॉजी फूड टेक्नोलोजी पर प्रशिक्षण दे रहे है और ग्राम शिल्पी योजना बनायी गयी है।
* तमिलनाडु में परिवार ऑर्गेनाइज़ेशन के साथ काम कर रहे हैं। जागरूकता कार्यशाला का कॉलेज में प्रशिक्षण प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को दिया जा रहा है Coir Board will Provide Raw material and will buy the finished goods from students-we worked on waste to wealth बिहार में एसी, वाशिंग मशीन, फ्रिज मोबाईल रिपेयरिंग व प्रशिक्षण 34 लोगों को दिया गया। उद्यमिता जागृति अभियान

5 कॉलेजों में चला रहे हैं।

* एकाउंटिंग व जीएसटी पर कार्यशाला, भागलपुर में राखी निर्माण कार्यशाला, मखाना निर्माण प्रशिक्षण दिया गया।
* छत्तीसगढ़ में रुई से बत्ती बनाने का प्रशिक्षण देकर 150 महिलाओं को रोजगार दिया गया।
* स्वावलंबी भारत अभियान के तहत देश के 50 से अधिक जिलों में स्वरोजगार केन्द्र स्थापित किये गये है, इन केंद्रों के माध्यम से सूचीबद्ध करके रोजगार उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। स्वरोजगार के इच्छुक उद्यमियों को बैंक ऋण दिलाने के लिए तकनीकी जानकारी देने में सहयोग किया जा रहा है।
* कोरोना काल में प्रवासी मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने तथा युवा को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करने हेतु राजस्थान, उत्तर प्रदेश में वेबसाइट के माध्यम से डाटा इकट्ठा करके उद्योग क्षेत्र में उद्यमियों को उपलब्ध कराया गया। इस तरह लघु उद्योग भारती के माध्यम से मजदूरों तथा उद्यमियों के बीच एक सेतु का कार्य किया गया तथा स्वरोजगार के लिये बैंकों तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया गया।
* जैविक खेती के उत्पादों को उचित संरक्षण तथा मूल्य संवर्धन विषयक सेमिनार व ट्रेनिंग कराना तथा लघु उद्यमियों को इस विषय पर आ रही विभिन्न समस्याओं का निराकरण करना।
* उत्तर-पूर्व क्षेत्र में कार्यरत उद्योगों के सामने आ रही कठिनाईयों को दूर करने, नये उद्योग स्थापित करने स्थानीय श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु लघु उद्योग भारती निरन्तर प्रयासरत है। उत्तर-पूर्व के कई क्षेत्रों में लघु उद्योग भारती की इकाइयों का गठन किया गया है तथा स्थानीय उद्योगों को इससे जोड़ा जा रहा है। पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में सदस्यता अभियान जारी है। अखिल भारतीय पदाधिकारी इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध नियमित प्रवास कर रहे हैं। लघु उद्योग भारती का मानना है कि उद्योग मजबूत होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होगा, पलायन रुकेगा व धर्मांतरण रुकेगा तथा पूर्वोत्तर के स्थानीय लोग मुख्यधारा में आ सकेंगे।
* मध्यप्रदेश के कटनी शहर में स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी के माध्यम से 100 से अधिक स्टॉल लगाकर महिलाओं के लिए बाजार उपलब्ध करवाया गया।
* जयपुर, कोटा, ब्यावर, राजसमंद, भीलवाड़ा, उदयपुर, बीकानेर, भरतपुर व अलवर में लगातार स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी आयोजित कर सैकड़ों महिलाओं को बाजार उपलब्ध करवाया जा रहा। जयपुर व जोधपुर में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिमाह स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी लगाने की योजना पर काम किया जा रहा है।
* मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से भी प्रदेश के अलग-अलग शहरों में Startup Conclave का आयोजन किया जा रहा है।
* लघु उद्योग भारती एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (MSDE) के संयुक्त तत्वावधान में NAPS (National Apprenticeship Promotion Scheme) योजना के अंतर्गत शिक्षुता प्रशिक्षण को बढावा देने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। अभी हाल ही में अलवर जिले के भिवाड़ी शहर में एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें 150 उद्यमियों ने भाग लिया। अगली कार्यशाला जोधपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर एवं बालोतरा में प्रस्तावित है।

**अखिल भारतीय पदाधिकारी अभ्यास वर्ग, कर्णावती 23-24 जुलाई, 2022**

लघु उद्योग भारती का अखिल भारतीय पदाधिकारियों का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग कर्णावती (अहमदाबाद) में सम्पन्न हुआ। इस अभ्यास वर्ग में देशभर से 100 से अधिक पदाधिकारियों ने भाग लिया। दो दिवसीय अभ्यास वर्ग में परम पूज्य सरसंघचालक जी, सहसरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपालजी, श्री भगवतीप्रकाशजी व श्री प्रकाशचंद्र जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में माननीय डॉ. मोहनजी भागवत ने कहा कि लघु उद्योग भारती का विचार केवल उद्योग तक ही सीमित नहीं है, अपितु इसका भारतवर्ष को परम वैभव पर ले जाने के लिये तथा सम्पूर्ण उद्योग जगत से जुड़ी समस्याओं का समाधान कर मार्ग प्रशस्त करना है। कृषक, श्रमिक, ग्राहक, प्रशासन ये सभी उद्योग परिवार का हिस्सा है। इन सबके हित में उद्योग हित है। उद्योग हित में इनका हित है, इस विचार को वैश्विक स्तर पर पहुंचाना ये लघु उद्योग भारती का व्यापक लक्ष्य है।

कार्यकर्ता की भाषा शैली भी 'ऐसी बाणी बोलिए, मन का आपा खोए, औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होए' होनी चाहिए।

**व्यवस्था परिवर्तन में लघु उद्योग भारती की भूमिका-**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठकें व प्रतिनिधि सभा में परम पूजनीय सरसंघचालकजी व माननीय सरकार्यवाहजी व अन्य अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से व्यवस्था परिवर्तन विषय पर चर्चा की जा रही है। इसमें विचार परिवार के प्रत्येक संगठन से अपेक्षा की गयी थी कि वर्तमान में चल रही व्यवस्था में समाज-हित व राष्ट्रहित में क्या व कैसे सकारात्मक परिवर्तन हो व इस व्यवस्था परिवर्तन में प्रत्येक संगठन व उनके सदस्यों की क्या भूमिका हो इस पर विस्तार से पाथेय प्रदान किया गया। लघु उद्योग भारती ने पहले कोर कमेटी व उसके बाद अखिल भारतीय कार्यसमिति एवं बाद में अखिल भारतीय कार्यकारिणी में व्यवस्था परिवर्तन पर सामूहिक चर्चा की। लघु उद्योग भारती के सम्पर्क अधिकारी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहसरकार्यवाह

माननीय डॉ. कृष्णगोपाल जी ने हरिद्वार, कोयम्बटूर, जम्मू, दिल्ली व काशी की बैठकों में हम किस प्रकार से व्यवस्था परिवर्तन में सहयोगी बन सकें, इस पर विस्तार से भारतीय मूल्यों की परम्परागत विरासत के अनेक उदाहरणों सहित मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. साहब द्वारा सुझाये गये बिन्दुओ पर विचार-पत्रक बनाकर सभी प्रदेशों व संभागों के अध्यक्ष महामंत्रियो के माध्यम से इकाई स्तर तक भिजवाये गये हैं। डॉ. साहब द्वारा सुझाये गये बिंदुओं के अलावा और क्या बिंदू इसमें सम्मिलित किये जा सकते हैं, इस पर सुझाव मंगवाये गये हैं। इसकी जिम्मेवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोविन्द लेले को दी गयी।

**क्षेत्रीय सम्मेलन** -लघु उद्योग भारती का स्थापना काल से अब तक निरन्तर विस्तार हो रहा है इकाईयों की संख्या व सदस्यों की संख्या को देखते हुए सभी सदस्यों का एक स्थान पर मिलना संभव नहीं हो रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए पूरे देश को 8 भागों में विभाजित किया गया है। इन भागों में स्थित इकाईयों व सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वर्ष में एक बार अपने क्षेत्र में क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित कर अधिकतम सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित करे, अपने अपने क्षेत्र के उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा करे, उनके निराकरण में संगठन की क्या भूमिका हो सकती है, इस पर विचार करे। साथ ही संगठन विस्तार के लक्ष्य व लक्ष्यों की पूर्ति पर विचार-विमर्श करे। इस कार्यकाल में निम्न क्षेत्रीय सम्मेलन सम्पन्न हुए-

1. पूर्व भाग - वासुकी नाग (देवघर) झारखण्ड
2. उत्तर भाग प्रथम आगरा उत्तर प्रदेश
3. दक्षिण भाग-कोयम्बटूर तमिलनाडु
4. पश्चिम भाग प्रथम - मुम्बई महाराष्ट्र
5. पश्चिम भाग द्वितीय - कर्णावती गुजरात
6. मध्य भाग प्रथम - किशनगढ़ राजस्थान
7. मध्य भाग द्वितीय कटनी मध्यप्रदेश
8. उत्तर भाग द्वितीय जम्मू- जम्मू कश्मीर

**लघु उद्योग भारती द्वारा प्राप्त बड़ी सफलताएँ-**

* केन्द्र व अनेक राज्यों में सूक्ष्म व लघु उद्योगों की समस्याओं के निराकरण एवं विकास के लिये सरकार द्वारा अलग से स्वतंत्र मंत्रालय की स्थापना।
* श्रम कानूनों में सुधार।
* कई उत्पादों पर जीएसटी दरों में सुधार एवं कई उत्पादों का जीएसटी में उचित वर्गीकरण।
* औद्योगिक दुर्घटनाओं को धारा 304 ए में परिभाषित करवाना।
* स्थानीय उद्योगों को संरक्षण देने हेतु आयातित कच्चे माल पर एंटी डम्पिंग ड्यूटी लगाना।
* निर्यातरत इकाइयों को उद्गम प्रमाण-पत्र जारी करने के लिये अधिकृत ।
* अभी हाल ही में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा लघु उद्योग भारती को विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के पैनल में कैटेगरी-1 में स्थान दिया गया है।
* जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय भू-जल प्राधिकरण द्वारा लघु उद्योग भारती को उद्योगों की वॉटर ऑडिट हेतु अधिकृत एजेंसी नियुक्त किया गया है।
* रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रथम बार निजी क्षेत्र के सहयोग से रक्षा-प्रदर्शनी चेन्नई में आयोजित की गयी जिसमें लघु उद्योग भारती की महत्वपूर्ण भूमिका रही।
* लघु उद्योग भारती के द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेल का दिल्ली कार्यालय पर सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक के साथ उद्योगों के संबंधित जानकारी का समावेश करते हुए वेबसाइट का संचालन किया जा रहा है।
* वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद से सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लाभार्थ तकनीक का हस्तांतरण।
* प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के तहत विस्तारित निर्माता ज़िम्मेदारी के लिए सरकार के साथ नीति बनाने में सहयोग दिया, इससे सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को कुछ नियमों के अनुपालन में छूट दी गई।
* जूता उद्योग के पक्ष को वाणिज्य मंत्रालय तथा भारतीय मानक ब्यूरो के समक्ष रख कर नीति को तर्क संगत बनाने हेतु प्रयासों से कुछ उचित संशोधन हुए।
* उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश में राज्य MSME फैसिलिटेशन परिषद में सक्रिय भागीदारी से छोटे उद्योगों के पक्ष में निर्णय लेने में सहयोग।
* पर्यावरण संरक्षण हेतु औद्योगिक क्षेत्रों में प्राकृतिक उद्यानों की स्थापना की गयी।
* लघु उद्योग भारती के सतत प्रयासों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र के अभाव या देरी से आवेदन / नवीनीकरण करने पर लगने वाले पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (Environmental Compensation Charges) में एक वर्ष तक की राहत दी गई है।
* इसी प्रकार भूमिगत खारे पानी के निष्कर्षण के संबंध में भी एक वर्ष की छूट दी गई है।
* इसके अतिरिक्त केन्द्रीय भूमिगत जल प्राधिकरण के पोर्टल पर लगने वाले शुल्क में भी छूट दी गई है।

**लघु उद्योग भारती द्वारा प्रदर्शनियां-**

लघु उद्योग भारती द्वारा प्रदशिनियां अलग-अलग नामों से जैसे IMS, IIF, स्वयंसिद्धा निरन्तर देश के विभिन्न शहरों में लगायी जाती है। जिसके आगामी संस्करण निम्न अनुसार है-

| प्रदर्शनी का नाम | संस्करण | स्थान | दिनांक | विशेष आकर्षण |
|---|---|---|---|---|
| IMS | 7 वाँ | बेंगलूरु | नवंबर 2024 | एरोस्पेस एवं डिफेंस इंजीनियरिंग |
| IIF | 9 वाँ | गुवाहाटी (असम) | नवंबर 2024 | विविध औद्योगिक उत्पाद व हस्तशिल्प आधारित उद्योग |
| स्वयंसिद्धा | प्रतिमाह | प्रतिमाह देश के विभिन्न शहरों में निरंतर होती रहती हैं | | महिला उद्यमियों द्वारा उत्पादित उत्पाद |

**9 स्तंभ व्यवस्था**– लघु उद्योग भारती में नीति परिनियोजन औरउद्देश्यों की प्राप्ति निम्नलिखित 9 स्तंभ के माध्यम से की जाएगी।

1. सदस्यता अभियान एवं मासिक बैठक
2. जनसंचार, प्रचार, प्रसार आयाम
3. प्रशासन राजस्व एवं सदस्य शिकायत निवारण हेतु
4. आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी हेतु
5. सरकारी बातचीत (राज्य एवं केंद्र)
6. प्रशिक्षण एवं व्यवसाय विकास
7. उद्यमिता विकास
8. डिजिटल एमएसआई
9. भविष्य में स्थिरता के लिए काम करना

इस व्यवस्था को संगठन के हर स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है।

**डेटा इंटीग्रेशन प्रोजेक्ट**– लघु उद्योग भारती के इस प्रोजेक्ट की सहायता से वर्तमान मेंबर डाटा को ठीक किया जा रहा है। इसके माध्यम से आने वाले समय में वर्तमान कार्यप्रणाली को और व्यवस्थित किया जाएगा। इसके माध्यम से कार्यकारिणी, प्रवास, मासिक बैठक, आयाम और उत्पाद समूह की कार्यशैली को भी उन्नत किया जा रहा है ।

**ज्ञान बैंक की पहल**– लघु उद्योग भारती का Knowledge Bank Initiative एक परिवर्तनकारी प्रयास है। स्क्र सदस्यों को उद्यमियों के साथ, उद्योग विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और शोधकर्ता, विषय वस्तु विशेषज्ञ और शिक्षाविद को जोड़ कर नये उद्यमी व उद्योगों से सम्बन्धित सभी जानकारी लेने के लिए यह व्यवस्था की गयी है। □□□

# प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना

**वित्त** मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 50 हजार करोड़ के बजट के साथ इस योजना की घोषणा की। पहले चरण में 17.5 सोलर पैनल से चलने वाले यंत्र की व्यवस्था की जाएगी। सिंचाई के लिए डीजल या बिजली की बजाय सोलर पैनल से यंत्र चलाये जायेंगे। इन सोलर पैनल को लगाने के लिए किसानों के पास 1 एकड़ जमीन होनी चाहिए जिसमें 1 मेगावाट के सोलर प्लांट से बिजली पैदा की जाएगी। जिसे बंजर जमीन में भी लगा सकते है या सोलर पैनल यंत्र के नीचे छोटी फसलें भी उगा सकते हैं। प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना के अंतर्गत सरकार किसानों को सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए कुल राशि का 60 प्रतिशत देगी। जिसमें से 40 प्रतिशत का भुगतान किसान स्वयं करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा बजट के अनुसार किसानों को सोलर पैनल लगाने के लिए 10 वर्ष तक



के लिए 48000 रुपये वितरित किये जायेंगे। अतिरिक्त धनराशि सरकार द्वारा 10 वर्ष पूरे होने के बाद दी जाएगी। कुसुम स्कीम के अंतर्गत जो भी अतिरिक्त बिजली उत्पादित की जाएगी, वो डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी द्वारा ली जाएगी जिसमें प्रत्येक यूनिट के लिए 30 पैसे निर्धारित किये गए हैं। □□□

# News in Brief

## PM Surya Ghar Muft Bijli Yojna

Prime Minister Narendra Modi has announced the launch of 'PM Surya Ghar Muft Bijli Yojana' which aims to light up one crore households by providing up to 300 units of free electricity every month. Under the scheme, subsidies will be given directly to people's bank accounts. The project would entail an investment of over Rs. 75,000 crore.

PM said that in order to popularise this scheme at the grassroots, urban local bodies and panchayats shall be incentivised to promote rooftop solar systems in their jurisdictions.

At the same time, the scheme will lead to more income, lesser power bills and employment generation for people,

□□□

## Govt Expands Tax Refund Scheme to Cover SEZs, Export-Oriented Units

The government has expanded the Remission of Duties and Taxes on Exported Products (RoDTEP) scheme to support advance authorisation holders, export-oriented units, and special economic zones. The RoDTEP scheme is meant to refund duties and taxes that are not subsumed by the goods and services tax (GST) but are incurred in the manufacturing or processing of exported products.

Since its inception in January 2021, the RoDTEP Scheme has provided support amounting to ?42,000 crore to more than 10,500 export items.

□□□

## India Sets '5-Year Target' to Cut the Dominance of Taiwan, South Korea & China

Union Minister Shri Ashwini Vaishnaw said that in Chip Manufacturing it is very important for any developing country, an economy of our size, to have a semiconductor supply chain within the country. We have very strong design capabilities, as a corollary of design capabilities we must have the manufacturing capability also because that is where value gets added further,

He futher said that India boasts approximately one-third of the world's design talent, a valuable resource that the government aims to leverage. By doing so, India positions itself as an indispensable partner for the technological ambitions of the United States and other Western economies. These countries seek to diversify their supply chains away from China.

'One should not invest in China,' warns Goldman Sachs Wealth Management CIO, cites, 'economic concerns'

A steady slowdown in the economy over the next decade. China will struggle with a weakening in the three pillars of growth up to now-the property market, infrastructure and exports, she said.

"It is not clear what the overall general direction of policy will be long term," Mossavar-Rahmani said. "Policy uncertainties generally put a little bit of a cap on the equity market." While China formally published a growth rate above 5% for 2023, "most people think that is not the real growth number - it was actually a lot weaker."

□□□

## Cabinet Approves Uttar Poorva Transformative Industrialization Scheme, 2024 (UNNATI)

The Union Cabinet chaired by Prime Minister Shri Narendra Modi approved the proposal of the Ministry of Commerce and Industry, Department for Promotion of Industry and Internal Trade for Uttar Poorva Transformative Industrialization Scheme, 2024

(UNNATI- 2024) for a period of 10 years from the date of notification along with 8 years for committed liabilities at a total cost of Rs.10,037 crore. The following incentives would be available under the scheme to investors for setting-up new units or undertaking significant expansion of the existing units.

Salient features of the scheme:

i.) Scheme Period: The scheme will be effective from the date of Notification and up to 31.03.2034 along with 8 years of committed liabilities.

ii.) Application Period for Registration: Industrial unit will be allowed to apply for registration from the date of notification up to 31.03.2026

iii.) Grant of Registration: All applications for registration shall have to be disposed of by 31.03.2027

iv.) Commencement of Production or Operation: All eligible Industrial Units to commence their production or operation within 4 years from the grant of registration.

v.) Districts are Categorized in Two Zones: Zone A (Industrially Advanced Districts) & Zone B (Industrially Backward Districts)

vi.) Earmarking of Funds: 60% of the outlay of Part A has been earmarked to 8 NE states and 40% on First-in-First-Out (FIFO) basis.

vii.) For Micro industries (defined as per MSME industry norms), the P&M calculation will include the building construction and P&M costs for Capital Investment Incentive.

viii.) All new Industrial units and Expanding units would be eligible for the respective incentives.

□□□

## Gujarat Government Announced its Purchase Policy-2024

The Gujarat government announced its purchase policy-2024 with special incentives for MSMEs and women entrepreneurs in the government procurement of goods and service implemented from 1st April, 2024. The new policy will cover the procurement of goods and services by all state government departments, HODs, district offices, authorities, grant-in-aid institutions, boards, corporations and societies.

Through this policy, the government aims to provide special incentives for MSMEs and women-powered industries in government procurement in keeping with the Prime Minister's mantra of 'Vocal for Local','

The new policy will encourage procurement from MSMEs, especially ones owned by Scheduled Castes, Schedules Tribes and women entrepreneurs. It will also support procurement from Gujarat-based MSEs, compared to other suppliers, and encourage startups in the state. The policy promotes local suppliers by exempting eligible suppliers from tender fees and earnest money deposits (EMD).

Under the policy, the state government has fixed various limits in the range of Rs. 5 lakh to Rs. 15 lakh for purchases without tender process, the release said.

Additionally, startups have been exempted from minimum prior experience and minimum turnover requirement criteria resulting in a boost to their businesses. The policy also prioritises procurement of goods and services from suppliers with high value-addition in India and Gujarat.

A global tender inquiry will be issued only in cases where the estimated procurement cost of the items is more than Rs. 200 crores, the release said. The policy also stipulates that all procurement of goods and services above Rs. 1 lakh, including procurement through the Government-e-Marketplace (GeM) portal, shall be done through e-tender only.

□□□

## बैंक अकाउंट में मिनिमम बैलेंस को लेकर नए नियम होंगे लागू

सेविंग अकाउंट में हमारी गाढ़ी कमाई की सुरक्षा के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने तमाम नियम बना रखे हैं। कुछ नियमों के बारे में काफी लोग जानते हैं। इसमें से एक नियम है बैंक खाते

में न्यूनतम बैलेंस मेंटेन करना। अगर हम ऐसा नहीं करते हैं तो बैंक की ओर से जुर्माना लगाया जाता है। हर बैंक में मिनिमम बैलेंस की लिमिट अलग होती है। अब इसी को लेकर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से नए नियम बनाए गए हैं। आरबीआई ने ये भी कहा कि बैंक स्कॉलरशिप या डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर पाने के लिए खोले गए खातों को निष्क्रिय के रूप में क्लासिफाई नहीं कर सकते हैं. भले ही इन खातों का इस्तेमाल दो साल से अधिक समय तक नहीं किया गया हो। आरबीआई का निष्क्रिय खातों के लिए एक सर्कुलर जारी किया है जिसके जरिए बैंकों को निर्देश दिए गए हैं। होम लोन को लेकर ऋब्ध्र के नए नियमों से लोन लेने वालों को मिलेगी बड़ी राहत।

□□□

## अकाउंट एक्टिव करने के लिए नहीं देना पड़ेगा कोई चार्ज

आरबीआई के नए सर्कुलर के मुताबिक बैंकों को निष्क्रिय किए गए खातों में मिनिमम बैलेंस मेनटेन नहीं करने पर पेनाल्टी लगाने की इजाजत नहीं दी गई है। नियम के मुताबिक निष्क्रिय खातों को एक्टिव करने के लिए कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा। आरबीआई की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2023 तक अनक्लेम्ड डिपॉजिट में 28 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और ये 42272 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। वो डिपॉजिट अकाउंट्स, जो 10 साल या उससे अधिक समय से ऑपरेट नहीं किया गया है, उसके बैलेंस को बैंक आरबीआई की डिपॉजिटर और एजुकेशन अवेयरनेस फंड में ट्रांसफर करेंगे।

बैंक ग्राहकों के बारे में सोचते हुए साल 2020 में कैबिनेट ने बड़ा फैसला लिया था। नियम में कहा गया कि मुसीबत या डूब रहे बैंकों के अकाउंट होल्डर्स को डिपॉजिट इंश्योरेंस का क्लेम 3 महीने यानी 90 दिन के अंदर मिल जाएगा। अगर किसी बैंक को दिवालिया या मोरेटोरियम लगा दिया गया है, तो अकाउंट होल्डर DICGC के नियम के तहत 90 दिन के अंदर अपने 5 लाख रुपये वापस ले सकेंगे। इसके लिए सरकार की ओर डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन एक्ट में बदलाव किया गया है। आपके लिए ये जानना भी जरूरी है कि किसी भी बैंक में इंडिविजुअल के सारे एकाउंट्स को मिलाकर ही पांच लाख रुपए की गारंटी होती है। मतलब अगर आपने एक ही बैंक में 5 लाख रुपए की स्न्रष्ठ करा रखी है उसी अकाउंट में 3 लाख रुपए भी जमा है, तो बैंक डूबने पर आपको सिर्फ 5 लाख ही वापस मिलेंगे। मतलब, कि आपके खाते में चाहें जितने भी पैसे हों, आपकी सिर्फ 5 लाख तक ही रकम सेफ मानी जाएगी और इतना ही पैसा आपको वापिस मिलेगा।

□□□

## स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता उत्सव-2024

स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत समाधान ग्रुप और स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में भारत मंडपम में भारतीय उद्यमिता उत्सव-2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जूना अखाड़ा पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि और विशिष्ट अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संयोजक श्री आर आर सुंदरम, स्वावलंबी भारत अभियान के अखिल भारतीय समन्वयक प्रोफेसर भगवती प्रकाश शर्मा ने उद्बोधन दिया। पहले सत्र में 'उद्यम की स्थापना' पर फोकस दिया गया। जिसमें कृषि, फूड प्रोसेसिंग, सर्विस, रियल स्टेट व अन्य क्षेत्रों व द्वितीय सत्र में उद्यमिता का भविष्य' में स्टार्टअप, मैन्युफैक्चरिंग, महिला उद्यमी, सामाजिक उद्यम और शिक्षा पर चर्चा की गई। इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक मा. कश्मीरी लाल, सह संगठक श्री सतीश कुमार और जाने-माने मोटिवेशनल स्पीकर श्री शिव खेड़ा, प्रसिद्ध न्यूज कार्यक्रम 'भईया जी कहिन' के एंकर प्रतीक द्विवेदी सहित औद्योगिक क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियों ने सत्र को संबोधित किया जिसमें देश भर से उद्यमी, सभी प्रान्तों से प्रांत पूर्णकालिक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

□□□

## पर्यावरण क्षतिपूर्ति प्रक्रिया को एलयूबी शिष्टमंडल ने पारदर्शी बनाने पर दिया बल

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (ष्टक्तरू) ने भवन निर्माण क्षेत्र में पर्यावरण चूक पर क्लोज़र नोटिस के उपरान्त पर्यावरण क्षतिपूर्ति दण्ड राशि तय करने की प्रक्रिया को जारी किया था। इस सम्बन्ध में व्याप्त विसंगतियों को समझने के लिए लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधिमंडल, आयोग के सदस्य सचिव और भारत सरकार में संयुक्त सचिव श्री अरविंद नौटियाल से उनके कार्यालय में मिला। उन्होंने इसे पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की दिशा में उठाया गया कदम बताया। संगठन के सदस्यों ने जब व्यावहारिक कठिनाइयों और प्रावधानों के दुरुपयोग की आशंका व्यक्त की, तो किसी भी प्रकार की समस्या के तुरन्त समाधान का विश्वास दिलाया गया।

□□□

# LUB's News in Brief

## Delegation Meets to Secretary of MSME

A focused delegation from Laghu Udyog Bharati, led by Shri Om Prakash Gupta, All India General Secretary and Delhi State President Shri Diwan Chand Gupta, recently engaged in pivotal discussions with the Secretary of MSME and the Joint Secretary of Finance. The meeting concentrated on addressing the crucial issue of delayed payments under Income Tax Section 43B(h), aiming to bolster the financial resilience of MSMEs. This step is part of our ongoing commitment to support and empower the MSME sector towards sustainable growth.

□□□

## Meeting on Reducing Carbon Foot Print at Head Office

First physical meeting of the LUB's Net Zero Initiative was held at LUB Delhi head office chaired by General Secretary Shri Om Prakakash Gupta and Smt. Jayanti Goela along with other esteemed members. The agenda focused on reducing carbon footprints through a strategic shift towards biomass and renewable energy. Emphasis was placed on industry collaboration, leveraging government support, and meticulous planning for sustainability projects. Discussions also covered carbon credits, climate policies, and the development of biomass processing units.

□□□

## Tamilnadu Starts New Units

LUB's Tamilnadu State witnessed an inauguration of new units in Erode, Mayiladuthurai, Karur, Pudukottai and Theni. On this occasion, strategy for membership growth was also discussed in all existing districts. In the meeting, District Presidents, Secretaries, and convenors were present.

□□□

## New District Unit Inaugurated at Erode

New District Unit at Erode was inaugurated on 23rd March in the presence of All India General Secretary Shri OP Gupta, NEC member Shri M. Mohanasundaram, Shri Vijayaragavan & State Joint General Secretary, Shri Kalyan Sundaram at Villupuram. The unit is conducting a Design Clinic with specific focus on solar, mechanical & EV in association with NIT Trichy (Centre of Excellence).

□□□

## Monthly Meeting held at Trichy

LUB's Monthly Meeting was held on 15th March at Thuvakudi, Trichy Unit. District Vice President Shri V. Kannan told the significance of organisation. All office bearers and new members introduced themselves. Shri Jayandran explained about the correspondence between LUB and BHEL. The representation given thru ministers on various issues of MSME with BHEL and the recent reply from BHEL stating that the issues were addressed. On this occasion; State Joint General Secretary & District President, Trichy were present.

□□□

## South Sambhag (WB) Starts a Computer Centre

LUB's West Bengal Unit started a Computer Training Centre for students under Swavalambi Bharat Abhiyan. On this occasion; Dakshin Bengal Prant Sangh Chalak Shri Jayanto Paul, Mahanagar Prant Pracharak Shri Narendranath Bera, Vyavastha Pramukh Shri Sitaram Daga, Shri Ashok Kumar Modi, Shri

Sushil Kumar Baheti, Shri SP Toshniwal, Shri Om Prakash Rawat, NWC Member Shri SK Sahoo, General Secretary Shri Vijay Agarwal, Treasurer Shri Amit Kumar Chirawala, President West Bengal Shri Devi Prashad Choudhary, Convener Women Wing Smt. Pragya Jhunjhunwala and Smt. Sashi Agarwal, Convener of Swavalambi Bharat Abhiyan Prof. Nirmal Maity and other executive members were present.

□□□

## North Bengal conducts a Workshop on Enterpreneurship

LUB's North Bengal conducted a Workshop on Enterpreneurship entitled 'My First Startup' under Swavlambi Bharat Abhiyan at Indian Institute of Legal Studies, at Siliguri on 23rd March. Around 150 students participated and many wanted to take this at next level. Shri Rajesh Agarwal, President, LUB, North Bengal assured to provide support to these students.

□□□

## LUB's North-East Unit meets CM for Procurement Issues

LUB's North-East had a fruitful discussion with the Secretary Agriculture Department, MD Agriculture Marketing Board and Secretary Food & Civil Supplies along with other officials on the issue of Rice Mills Members and Rice Millers Association who approached LUB to intervene in the Paddy Procurement Issues. Chief Minister Assam Dr. Himanta Biswa Sharma directed the officials to address the issues.

□□□

## Karnavati Sambhag conducts Udyami Sammelan

LUB's Karnawati Sambhag of Gujarat State conducted Udyami Sammelan on 11th March at Vatava Association, Ahamedabad in the presence of National Organising Secretary Shri Prakash Chandra ji, Former National President Shri Baldevbhai Prajapati, Industry Minister, Govt. of Gujarat Shri Balvant Singh Rajput, Former Home Minister Gujarat Shri Babubhai Singh Jadhav, Former National President Shri Vajubhai Vaghasia, National Secretary Shri Shyam Sundar Saloja, State President Shri Jayesbhai Panday, State General Secretary Shri Ishwar Sajjan, President Karnavati Sambaga Shri Ishwarbhai Patel, General Secretary Shri Sandeep Bhai Shah and GIDC Association President Shri Ashokbhai Patel and team Karnavati.

□□□

## Saurashtra Sambhag Organised Abhyas Varg

LUB Saurashtra Sambhag organised Abhyas Varg on 22nd March at Gir Somnath in presence of Shri Baldevbhai Prajapati, Shri Jayeshbhai Pandya, Shri Ishwarbhai Sajjan, Shri Hansrajbhai Gajera, team of Saurashtra sambhag.

□□□

## Laghu Udyog Bharati Plans for Wide Reach in J&K

March 06: In a proactive move to bolster the Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) sector, Laghu Udyog Bharati's Jammu and Kashmir unit convened a crucial meeting of office bearers and core executive members, chaired by the Chief Guest Shri Rupesh Kumar, RSS Prant Pracharak J&K on 6th March. The meeting was organized with the aim to fortify the organization's presence across the region. During the session, Shri Rupesh Kumar outlined strategies to expand the LUB unit throughout J&K which includes mass communication contact with the industrial organisations across J&K, setting up of all District Units and much more, emphasizing the crucial role of Laghu Udyog Bharati as the primary platform for MSMEs to voice their concerns and seek solutions. LUB's J&K President Shri Parveen Pargal said that the organisation is committed to empower

MSMEs and fostering economic growth in the region.

□□□

## MSME Awareness Program held @ Port Blair

LUB's Port Blair Unit, MSME-DFO, and ACCI jointly organized an awareness program on MSME competitive Lean scheme on 12th March. Shri Devender Yadav, Director, Airport Authority of India, A&N Islands was the Chief Guest. Shri Surendra Prahladka, President, ACCI, Shri A.L.Verma, LUB President Shri S R Sharma, Shri Rahul Agrawal & other members were present. Resource Person Shri Debanu Das Mahapatra, Lean Consultant, Kolkata addressed technical session. Shri Yogesh Kumar, Assistant Director MSME-DFO Port Blair coordinated the program.

□□□

## Women Entrepreneurs Honored at Belgaum

LUB's Belgaum unit of Karnataka celebrated International Women Day on 18th March. State President Dr. Sachin Sabnis briefed on activities of LUB. State Secretary Ms. Priya Puranik briefed on women cell activities. Ms. Nalini Vemolkar, Chairperson of women cell welcomed all. Ms. Lata introduced the guests. 11 women entrepreneurs were honoured on this occasion. 45 women entrepreneurs attended the same.

□□□

## New District Unit in Tumakuru

Laghu Udyog Bharati established a New District Unit in Tumakuru on 26th March in the presence of All India Organising Secretary Shri Prakash Chandra ji. With this the total number of full-fledged Units has increased to 15 Districts. Tumakuru is the first II-Tier city which is in the process of replicating the industrial and knowledge success of Bengaluru and has a number of diverse industries verticals based out of this city.

□□□

## Derabassi conducts Meeting on Local Issues

LUB's Derabassi Unit of Punjab conducted a meeting on 16th March. 26 members were present including 6 women members. On this occasion, two presentations were given by Ms. Mona Mongia and Ms. Komal Dhingra. Some local issues were discussed which would be solved on priority basis.

□□□

## ईपीआर पर सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के साथ हुई वर्चुअल मीटिंग

एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पांसिबिलिटी को क्रियान्वित करने वाली एजेंसी सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के साथ एक सार्थक आभासीय मीटिंग हुई जिसके बाद उम्मीद जताई जा रही है कि श्वक्क्र प्रणाली को सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए अत्यंत सरल बनाया जाएगा। संगठन की तरफ से जो पावर पॉइंट साझा किया गया उसी की तर्ज पर शीघ्र ही पोर्टल पर बदलाव किए जाएगें। माइक्रो एंड स्मॉल की ईपीआर लायबिलिटी अब कच्चा माल बनाने और इंपोर्ट करने वाली कंपनियों को करना होगा। यह कैसे क्रियान्वित होगा इसी को ले कर विभाग और उद्योग में असमंजस था। बड़ी कंपनियां इससे बचने के अनेक तर्क दे रही थी। अत: लघु उद्योग भारती ईपीआर टीम ने इस पर गहन चिंतन कर इसे लागू करने की कार्यप्रणाली सुझाई।

□□□

## छत्तीसगढ़ में महिला उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम हुआ आयोजित

एलयूबी छत्तीसगढ़ टीम की ओर से रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, भिलाई में महिला उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम श्री ओम प्रकाश सिंघानिया की अध्यक्षता में 19 मार्च को आयोजित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाश चंद्र जी ने भारत के इतिहास में उद्योगों की भूमिका के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत का स्वप्न, उद्योगों के माध्यम से ही साकार हो सकेगा।

छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, एलयूबी

पूर्व अध्यक्ष श्री वजूभाई वघासिया और अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष श्री समीर मूंदड़ा ने भी प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। एलयूबी छत्तीसगढ़ की महामंत्री श्रीमती सीपी दुबे ने एमएसएमई के लिए मंत्रालय गठन की मांग की। श्रीमती गीता वर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, श्रीमती सरोजिनी पाणिग्रही सुपेला महिला इकाई, श्रीमती रश्मि वर्मा भिलाई महिला इकाई ने कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में श्री सत्यनारायण अग्रवाल, श्री गोपालकृष्ण अग्रवाल, श्री पुरुषोत्तम पटेल, श्री दीपक उपाध्याय, श्री उमेश चितलांगिया, श्री ईश्वर पटेल, श्रीमती टीना सतपुते, श्री युगबोध अग्रवाल, श्री विजय अग्रवाल और स्मिता डोडके सहित करीब 300 महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तूलिका पाण्डेय ने किया।

□□□

## एमएसएमई टूल रूम के सहयोग से पेपर बैग निर्माण का दिया प्रशिक्षण

एमएसएमई टूल रूम एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दुर्ग जिले के पोटिया कला में पेपर बैग के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि पेपर बैग पॉलिथीन बैग के विकल्प के रूप में तैयार किया गया है। इस प्रयोग के सफल होने पर उसे जिला स्तर पर प्रत्येक विकासखंड में महिलाओं को प्रशिक्षित कर अन्य लोगों को जागरूक कर पेपर बैग के निर्माण एवं उसके उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ प्रांत सह समन्वयक श्री संजय चौबे ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान देश में स्वरोजगार के अवसर पैदा करने हेतु महत्वपूर्ण सामूहिक पहल है, जिसे आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में काम कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आठ संगठनों द्वारा प्रारम्भ किया गया है।

□□□

## अलीगढ़ में बीआईएस रजिस्ट्रेशन एवं प्रोडक्ट्स के बारे में की चर्चा

लघु उद्योग भारती, उत्तर प्रदेश की जिला इकाई अलीगढ़ के तत्वावधान में औद्योगिक क्षेत्र ताला नगरी इकाई द्वारा एक साधारण बैठक 14 मार्च को आयोजित की गई। बैठक में भारतीय मानक ब्यूरो पंजीयन एवं उत्पाद से जुड़ीं सभी समस्याओं एवं समाधान पर चर्चा की गई। अप्रैल माह में भारतीय मानक ब्यूरो संस्था के एडवाइजर के साथ मीटिंग का प्रस्ताव रखा गया।

□□□

## मोदीनगर सिखेड़ा रोड इकाई की गठित

लघु उद्योग भारती, मोदीनगर द्वारा सिखेड़ा रोड औद्योगिक क्षेत्र इकाई का गठन 14 मार्च को किया गया। अध्यक्ष पद पर श्री हरिकृष्ण अग्रवाल को मनोनीत किया गया। उपस्थित सभी उद्यमियों की समस्याओं को लिस्टेड कर उनका निराकरण करने का संकल्प लिया गया।

□□□

## आगरा इकाई में होली मिलन समारोह आयोजित

एलयूबी आगरा जिला इकाई की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 4 सौ से अधिक उद्यमियों ने सपरिवार प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में ब्रज की संस्कृति के अनुरूप फूलों की होली एवं राधा-कृष्ण के लोकगीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। साथ ही मातृशक्ति एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

□□□

## लखनऊ में महिला इकाई ने होली कार्यक्रम किया आयोजित

लघु उद्योग भारती लखनऊ महिला इकाई अवध प्रांत, इनर व्हील क्लब, ट्रांस गोमती एवं स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा संयुक्त रूप से होली कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एकता, सशक्तिकरण की भावना और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के अनमोल योगदान, साथ में MCX द्वारा कमोडिटीज़ डेरिवटिव्स कार्य के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती नम्रता पाठक, श्रीमती संयुक्ता भाटिया, पूर्व महापौर ब्रह्मा कुमारी राधा दीदी व श्रीमती रीता मित्तल प्रांत अध्यक्ष थी। ग्रामीण महिलाओं के उत्कृष्ट प्रयासों को सम्मानित भी किया गया।

□□□

## हरिद्वार इकाई ने मासिक बैठक के साथ किया होली मिलन

एलयूबी हरिद्वार इकाई की ओर से आयोजित मासिक बैठक

एवं होली मिलन उत्सव का आयोजन किया। बैठक में उद्यमियों की एकता और उनकी समस्याओं के समाधान पर बल दिया। प्रांत अध्यक्ष श्री बिजय सिंह तोमर ने कहा कि लघु उद्योग भारती की स्थापना भारत के खोये औद्योगिक विकास और आत्म-सम्मान को पुनः प्राप्त करने के लिए हुई थी। उसी के परिणामतः देश के प्रत्येक जिले में संगठन की प्रभावी उपस्थिति है और केंद्र एवं राज्य सरकारों की नीति निर्माण प्रक्रिया में संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

□□□

## मेरठ इकाई में होली मिलन समारोह संपन्न

एलयूबी उत्तर प्रदेश की मेरठ इकाई ने होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें राष्ट्रहित में लघु उद्योग भारती की भूमिका विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरठ संभाग अध्यक्ष श्री राजकुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम में मेरठ मंडल के महासचिव श्री पंकज गोयल सहित इकाई सदस्यों ने अपने परिवार सहित होली खेली।कार्यक्रम का संचालन मेरठ महानगर के अध्यक्ष श्री पंकज जैन ने किया।

□□□

## कानपुर में लीन योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लघु उद्योग भारती, कानपुर देहात इकाई एवं एमएसएमई विकास कार्यालय, कानपुर ने संयुक्त रूप से एमएसएमई मंत्रालय की लीन योजना पर जागरूकता कार्यक्रम 7 मार्च को आयोजित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, कानपुर की क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती प्रीति गंगवार ने लीन योजना से एमएसएमई की उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता में सुधार और लाभप्रदता विषय पर विस्तार से चर्चा की. कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र, कानपुर देहात के सहायक प्रबंधक श्री हिमांशु भट्ट ने राज्य सरकार के द्वार प्रदान की जा रही सुविधाएं और एमएसएमई की समस्याओं के निवारण पर चर्चा की. कार्यक्रम में एमएसएमई विकास कार्यालय, कानपुर के संयुक्त निदेशक श्री वीके वर्मा ने एमएसएमई विभाग की योजनाओं और एमएसएमई के सहायक निदेशक श्री अमित बाजपेयी ने अन्य विषयों पर जानकारी दी।

□□□

## मथुरा इकाई ने किया होली मिलन कार्यक्रम

एलयूबी उत्तर प्रदेश की मथुरा इकाई ने होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जिले के प्रमुख उद्योगपतियों और राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत की एवं भगवान राधा-कृष्ण के स्वरूपों के साथ फूलों की होली का आनंद लिया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री तेजवीर सिंह, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के सदस्य श्री भुवन भूषण कमल, मंडल सचिव श्री सोनल अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष श्री अंकित बंसल सहित बड़ी संख्या में उद्यमी गण उपस्थित रहे। महामंत्री श्री विशाल बंसल एवं सीए संजीव अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

□□□

## नासिक इकाई की पहल 'उद्योग-वर्धन' में सेमिनार आयोजित

एलयूबी महाराष्ट्र की नासिक इकाई की पहल 'उद्योग-वर्धन' के तहत महिला दिवस पर 21 मार्च को विशेष एपिसोड दूसरी पीढ़ी की महिला उद्यमियों को समर्पित किया गया। 'दूसरी पीढ़ी की महिला उद्यमियों की यात्रा, अवसर और चुनौतियां' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया।

□□□

## वड़ोदरा महिला इकाई ने मनाया महिला उत्सव

लघु उद्योग भारती महिला इकाई, वड़ोदरा की सदस्यों ने 'स्वस्थ महिला, विकसित भारत' की संकल्पना के साथ स्तन कैंसर जागृति अभियान के रूप में महिला उत्सव 16 मार्च को आयोजित किया। इस अवसर पर स्तन कैंसर चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया, इसके साथ भारतीय उत्सव परम्पराओं से नयी पीढ़ी को जोड़ने हेतु होली मेला भी आयोजित किया जिसमें होली खेलने हेतु कुदरती रंगों, परंपरागत पूजा सामग्री एवं सजावट का प्रयोग महिला इकाई सदस्यों ने किया।

□□□

## राजस्थान में उद्यमियों की सहायता के लिएसंभाग मुख्यालय स्तरपर पीएमयू गठित

राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि सभी संभाग मुख्यालय पर स्थित जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्रों में आधारभूत सुविधायुक्त एमएसएमई सुविधा व विकास केन्द्र प्रारंभकर दिये गये हैं। एमएसएमई विकासव सुविधा केंद्र का उद्देश्य एकल संपर्क बिंदु के रूप में वैधानिक अनुपालन और विभिन्नयोजनाओं में मार्गदर्शन करना है, जिससे राज्य के प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों

सहित कार्यरत उद्यमियों को मार्गदर्शन, पथ-प्रदर्शन, हैण्डहॉल्डिंग सपोर्ट व सहायता प्रदान की जा सके। राठौड़ ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए राज्य सरकार ऐसी नीतियां बना रही है, जो उन्हें सक्षम बनाये तथा उनके सतत् विकास में भी सहायता प्रदान करे। उन्होंने कहा कि 100 दिवसीय कार्य योजना के अन्तर्गत राज्य में आर्थिक विकास व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक संभाग में एमएसएमई विकास व सुविधा केंद्र की स्थापना करने की घोषणा की गयी है। प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवं वाणिज्य श्री अजिताभ शर्मा ने बताया कि इन केन्द्रों के सुगम संचालन तथा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, एमएसएमई, जिला और राज्य स्तर के अधिकारियों के बीच समन्वय हेतु मुख्यालय पर परियोजना प्रबंधन यूनिट (पीएमयू) गठित किया गया है। पीएमयू द्वारा संभाग व जिला स्तर पर एमएसएमई के मार्गदर्शन व समस्या निराकरण हेतु राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी के रूप में कार्य सम्पादन किया जाएगा तथा आवश्यकता अनुसार संबंधित संस्थाओं एवं विभागों से समन्वय भी किया जाएगा। परियोजना प्रबंधन यूनिट का ई-मेल आईडी mdfc pmu@rajasthan.gov.in एवं दूरभाष न. 0141-2700028 है।

□□□

## लघु उद्योग भारती की मांग पर 1000 किलोवाट तक सौर ऊर्जा संयंत्र लगा सकेंगे उद्यमी

उद्योग को अपने परिसर में रिन्यूएबल एनर्जी सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर विद्युत उत्पादन कर अपने व्यवसाय में कार्य में लेने के लिए 500 किलोवाट नेट मीटरिग तक के संयंत्र लगाने की अनुमति थी। कई मध्यम श्रेणी के उद्यमी जिनकी स्थापित मशीनरी लोड तथा उपभोग इससे ज्यादा का था उन्हें 500 किलोवाट से ज्यादा का प्लांट लगाने की अनुमति नहीं मिलती थी। इस विषय को लेकर लघु उद्योग भारती ने लंबे समय से यह मांग की थी कि चूंकि सौर उर्जा एक नैसर्गिक हरित ऊर्जा का स्त्रोत है और सरकार पर इसका कोई अधिभार भी नही पड़ता और राजस्थान में अन्य ऊर्जा स्त्रोतों में भी सीमित क्षमता है इसलिए सरकार को कई बार ऊर्जा संकट का भी सामना करना पड़ता है इसलिए उद्योग जगत को हरित ऊर्जा के सहज उपलब्ध स्त्रोत सौर ऊर्जा के संयंत्र सोलर पैनल लगाने के लिए सीमा उद्यमी की उपयोग क्षमता के अनुसार रखी जानी चाहिए।

एलयूबी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष श्री शांतिलाल बालड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार उद्योग जगत की अनेक लंबित समस्याओं का लगातार समाधान कर रही है। सोलर पैनल लगाने की क्षमता बढ़ाना यह बड़ी घोषणा है इससे उद्योग जगत को लागत में कमी लाने तथा बिजली की निर्बाध आपूर्ति मे सहायता मिलेगी। जोधपुर प्रान्त अध्यक्ष श्री महावीर चौपडा ने बताया कि इस आशय का सर्कुलर विद्युत विभाग ने जारी कर दिया है।

□□□

## जयपुर अंचल ने किया उद्यमी सम्मेलन का आयोजन

लघु उद्योग भारती राजस्थान के जयपुर अंचल ने उद्यमी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार श्रीमती दिया कुमारी ने कहा कि सरकार उद्योगों को आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास करेगी और उद्योगों की समस्याओं का निस्तारण लघु उद्योग भारती के साथ मिलकर जल्द ही होगा। विशिष्ट अतिथि उद्योग मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि उद्योगों के कारण ही भारत का विकास संभव है और राष्ट्र निर्माण में लघु उद्योग भारती के साथ सरकार हर संभव सहयोग करेगी।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाश चंद्र जी ने कहा कि लघु उद्योग भारती ने उद्योग जगत की समस्याओं को समय-समय पर उठाया और समाधान हेतु कार्य किया। संगठन के सतत प्रयासों से अनेक औद्योगिक समस्याओं से निजात मिली है और हम सरकार से आशा करते हैं कि आगे भी ऐसे ही सरकार लघु उद्योगों को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा ने बताया कि लघु उद्योग भारती 1994 से लघु उद्योगों के क्षेत्र में कार्यरत एक राष्ट्रीय संगठन है और लघु उद्योग राष्ट्र के कल्याण में अहम है यह हमारा विश्वास है।

जयपुर अंचल अध्यक्ष श्री सुधीर कुमार गर्ग ने बताया कि नवयुवकों का लघु उद्योग में प्रवेश होने के लिए उत्साहवर्धक वातावरण का निर्माण करना यह देश की अर्थनीति का उद्देश्य होना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू सिंह ने लघु उद्योग भारती में महिला कार्य के बारे में जानकारी दी। अंचल महामंत्री सुश्री सुनीता शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

□□□

## जोधपुर प्रांत की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

लघु उद्योग भारती जोधपुर प्रान्त की कार्यकारिणी बैठक अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष

श्री अनिल अग्रवाल एवं जोधपुर प्रान्त अध्यक्ष श्री महावीर चौपड़ा के की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में संघ शताब्दी वर्ष 2025 के लिये सदस्यता व इकाईयों के विस्तार के तय किये गये विशेष लक्ष्य एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। इकाई प्रतिनिधियों द्वारा उद्योगो से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा कर निस्तारण की मांग रखी गयी। बैठक में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2024 के सफल आयोजन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी।

□□□

## पाली इकाई ने महिला सशक्तिकरण पर किया सेमिनार

पाली में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ लघु उद्योग भारती ने 9 मार्च को गर्ल्स कॉलेज में महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के पश्चात वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत बूंद-बूंद सिंचाई पद्धति से 3500 पौधरोपण किया। कार्यक्रम में शहर की विभिन्न महिला संगठनों के पदाधिकारियों सहित अनेक संस्थाओं के विशिष्ट लोग भी शामिल हुए।

□□□

## सीकर में होली स्नेह-मिलन कार्यक्रम आयोजित

लघु उद्योग भारती राजस्थान की सीकर इकाई ने 29 मार्च को होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। फागोत्सव में बांसुरी वादक श्री निखिल सोनी और लक्ष्मणगढ़ की शिव बालाजी ढप मंडली ने गीत व धमाल की प्रस्तुति दी। इकाई अध्यक्ष श्री कमल किशोर डोलिया ने बताया कि कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों सहित इकाई के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

□□□

## अजमेर में सुरक्षित खाद्य तेल पर सेमिनार आयोजित हुआ

लघु उद्योग भारती अजमेर की ओर से तीस मार्च को खाद्य तेल के उपयोग पर सेमिनार आयोजित किया गया। फूड इंडस्ट्री में प्रयुक्त होने वाले तेल को किस प्रकार सुरक्षित रखा जाये, इस विषय पर तकनीकी रूप से मार्गदर्शन दिया गया। पहले तकनीकी सत्र म् फूड इंडस्ट्री में उपयोग होने वाले तेल के विषय में जानकारियां साझा की गयीं। कार्यक्रम में विभागीय प्रतिनिधित्व हेतु सीएमएचओ डॉ. श्रीमती ज्योत्सना रंगा एवं दो खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सुशील चोटवानी एवं श्री अजय मोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आधुनिक मशीन द्वारा तेल की जांच का लाइव डेमो दिया गया। कार्यक्रम में खाद्य तेल से सम्बंधित भारत सरकार की RUCO एवं Food Fortification Drive के विषय में भी विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर एलयूबी गेगल के अध्यक्ष श्री कुणाल जैन, महामंत्री श्री अशोक तोषनीवाल, कोषाध्यक्ष श्री राहुल राजपुरोहित एवं सदस्य श्री देवेंद्र कुमार सहित अन्य  फूड इंडस्ट्री से जुड़ें सदस्यों एवं नॉन मेंबर्स भी उपस्थित रहे।

□□□

## बीकानेर में महिला प्रशिक्षण कार्यशाला की आयोजित

लघु उद्योग भारती बीकानेर महिला इकाई द्वारा आयोजित 7 दिन की प्रशिक्षण कार्यशाला (मेहंदी और महिला मेकअप) का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीकानेर विभाग संघचालक श्री टेकचंद बरडिया ने 16 मार्च को किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति की बीकानेर विभाग प्रमुख श्रीमती विमला डुकवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में लगभग 100 महिलाओं ने मेहंदी सीखने और महिला मेकअप कार्यशाला में अपना पंजीकरण करवाया। ये कार्यक्रम गंगाशहर के समता भवन में आयोजित हुआ।

□□□

## सीकर इकाई ने मासिक बैठक की आयोजित

लघु उद्योग भारती सीकर की मासिक बैठक जयपुर अंचल अध्यक्ष श्री सुधीर गर्ग एवं जयपुर अंचल कार्यकारणी सदस्य श्री संजय मोर की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, बिजली से सम्बन्धित समस्याओं के बारे में चर्चा हुई। बैठक के बाद उपस्थित इकाई सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ रीको कार्यालय पर अधिकारियों से समस्याओं के बारे में चर्चा की एवं नवीन कार्यों की जानकारी ली।

□□□

## केकड़ी इकाई में लोकमत परिष्कार

केकड़ी इकाई में 18 मार्च को आयोजित बैठक में चित्तौड़ प्रांत महामंत्री श्री प्रवीण गुप्ता ने लोकमत परिष्कार पर मार्गदर्शन दिया एवं कार्यकारिणी के साथ विभिन्न औद्योगिक विषयों पर

चर्चा की। साथ ही आगामी अभ्यास वर्ग के हेतु इकाई से सदस्यों के नामों को अंतिम रूप दिया।

□□□

## बूंदी इकाई की बैठक में हुआ चिंतन

लघु उद्योग भारती राजस्थान की बूंदी इकाई की बैठक 10 मार्च को आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ताराचंद गोयल ने उद्योगों की समस्याओं के लिए निवारण एवं सुझाव साझा किए। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री श्री योगेंद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री महेश हुरकट, चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष श्री पवन गोयल के साथ बूंदी इकाई से 14 सदस्यों ने भाग लिया।

□□□

## झालावाड़ महिला इकाई करेगी मई में स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी

लघु उद्योग भारती राजस्थान के झालावाड़ की महिला इकाई की प्रथम बैठक 2 मार्च को रखी गई। संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति अग्रवाल सहित महिला शाखा की तकरीबन 26 महिला उद्यमी उपस्थित रही। बैठक में महिला उद्यमी श्रीमती दीपशिखा अग्रवाल ने प्रस्ताव रखा कि झालावाड़ को प्लास्टिक मुक्त करवाने के प्रयास के साथ ही महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु कपड़े के थैले बनाए जाने चाहिए और उनको प्रत्येक घर व दुकानदारों को वितरित किया जाये। प्रस्ताव पारित कर पांच टीम बनाई गई जो इस प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने का परिपूर्ण प्रयास करेंगी। अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जैन ने स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी लगाने का प्रस्ताव रखा गया जिसमें झालावाड़, बारा व कोटा की महिला उद्यमियों को उनके उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। सर्व सहमति से मई माह में प्रदर्शनी लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

□□□

## मध्यप्रदेश में मालवा उद्यमी सम्मेलन एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव संपन्न

लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश की इंदौर महानगर इकाई की ओर से आयोजित मालवा उद्यमी सम्मेलन एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव 9 मार्च को इंदौर में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में स्टार्टअप कॉन्क्लेव में एसजीएसआईटीएस कॉलेज सहित अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रों ने स्टार्टअप कॉन्क्लेव में स्टार्टअप आइडिया के लिए रजिस्ट्रेशन किया। तत्पश्चात प्रथम चार स्टार्टअप ने मंच से प्रेजेंटेशन के साथ अपनी सफलता की कहानी साझा की। दूसरे सत्र का विधिवत शुभारंभ एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, लघु उद्योग निगम के प्रबंध संचालक श्री रोहित कुमार सिंह IAS एवं एलयूबी प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इंदौर के साथ मालवा प्रांत से उज्जैन, शाजापुर, सुसनेर, देवास, महू इत्यादि जिलों से भी उद्यमीगण शामिल हुए। इस अवसर पर श्री कश्यप ने कहा कि उद्योगों से जुड़ी कई समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं और कुछ अन्य नई समस्याओं पर भी शीघ्र ही कार्य किया जायेगा। श्री रोहित कुमार सिंह ने एमएसएमई के लिए दी जाने वाली सब्सिडी एवं योजनाओं की जानकारी दी जिसमें 5 करोड़ तक के नॉन कॉलेटरल लोन भी उपलब्ध है।

□□□

## इंदौर महिला इकाई ने स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी की आयोजित

लघु उद्योग भारती इंदौर की महिला इकाई द्वारा आयोजित स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद श्री शंकर लालवानी, प्रदेश अध्यक्ष लघु उद्योग भारती श्री राजेश मिश्रा, अध्यक्ष डीबी अपोलो सिटी श्री राजेश ज्वेल ने 21 मार्च को किया। महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती हेमलता कुमार ने बताया कि अतिथियों ने प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों के प्रदर्शित विविध उत्पादों को सराहा। सांसद श्री लालवानी ने महिलाओं के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की।

प्रदर्शनी के दौरान प्राकृतिक विधि से रंग एवं गुलाल बनाने की कार्यशाला भी आयोजित की गई जिसमें हानिकारक रासायनिक रंगों से होने वाली त्वचा की बीमारियों से अवगत कराया। महिला इकाई से सचिव श्रीमती अनीता मित्तल, कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा जैन व सह कोषाध्यक्ष श्रीमती प्राची अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों एवं गृहणियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

□□□

## सागर उद्यमी नव प्रेरणा कार्यक्रम सम्पन्न

लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश की सागर जिला इकाई ने उद्यम उद्यमी नव प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन 10 मार्च को किया। मुख्य अतिथि सागर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल के प्रमुख श्री जीएल पुलतामबेकर ने उद्योगों में कॉस्ट अकाउंटिंग के महत्व को समझाया। विशिष्ट अतिथि श्री

एनके सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने उद्यमियों को उद्योग में कारगर रिस्क एंड लोन मैनेजमेंट के विषय से अवगत कराया। उद्योग विभाग की जीएम श्रीमती मंदाकिनी पांडेय ने शासन की विभिन्न स्कीम, सब्सिडी एवं प्रक्रिया की जानकारी दी। भारतीय स्टेट बैंक से श्री अनुज चौधरी ने फाइनेंशियल मैनेजमेंट के विषय पर उद्बोधन दिया। उद्योगों के हित में जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट विषय की कार्यशाला में भोपाल से श्री राजू दलेजा एवं विजन केयर के प्रतिनिधि ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। श्री अरविंद भाई ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सचिव श्री सौरव रावत ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन श्री अनिल जयसवाल एवं सचिव श्री सौरभ रावत ने किया।

□□□

## मध्यप्रदेश में नव इकाई शहडोल का गठन

एलयूबी मध्यप्रदेश की नवीन इकाई शहडोल का गठन वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा प्रतिष्ठित समाजसेवी श्री सुशील सिंघल एवं जिला संघचालक श्री जसबीर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

□□□

## कटनी में जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट पर कार्यशाला आयोजित

लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश जिला कटनी की इकाइयों द्वारा जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। ट्रेनर एवं मुख्य वक्ता श्री राकेश दलेला जेड अधिकारी ने उद्यमियों को बताया कि किस तरह से अपने उद्यम पर जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट के लिए कार्य करें। इससे उत्पाद की गुणवत्ता के साथ उद्यमी अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही शासकीय योजनाओं का भी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। एमएसएमई के 45 दिन के पेमेंट नियम पर वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री संदीप पटेरिया ने जानकारी साझा की।

□□□

## कटनी महिला इकाई की कार्यकारिणी बैठक आहूत

एलयूबी मध्यप्रदेश की कटनी महिला इकाई की कार्यकारिणी बैठक सुश्री पलक सचदेवा के निवास पर संपन्न हुई। कुछ मुख्य विषयों पर चर्चा हुई, जो यहाँ उल्लेख किये जा रहे हैं-

1. महिला इकाई का विस्तार जिसमें करीब 11 महिलाओं के नाम सुझाए गए
2. प्रशिक्षण/ कार्यशाला का आयोजन, जिसमें गुलाल बनाने का प्रशिक्षण का निर्णय लिया गया
3. तीन दिवसीय स्थापना दिवस में नये सदस्यों का सम्मान करना एवं गौशाला में सेवा देने का निर्णय

□□□

## झारखंड प्रदेश में विपत्रों के विलंबित भुगतान पर सेमिनार आयोजित

लघु उद्योग भारती झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में चेंबर भवन रांची के सभागार में सेमिनार आयोजित किया गया जिसका विषय था 'सरकारी एवं सार्वजनिक इकाइयों द्वारा विपत्रों के विलंबित भुगतान के कारण राष्ट्र के आर्थिक विकास में बाधा'। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री महेश पोद्दार ने कहा कि एमएसएमई एक्ट 2006 में सरकारी प्रतिष्ठानों को अधिकतम 45 दिनों के अंदर विपत्रों का भुगतान नहीं करने पर भुगतान होने के दिन तक बैंक ब्याज के तीन गुणा तक भुगतान करने का प्रावधान है। इसमें न्यायपालिका ने भी निर्णय उद्यमियों के पक्ष में दिया है। विशिष्ठ अतिथि एमएसएमई के संयुक्त निदेशक श्री इंद्रजीत यादव ने केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार समय पर विपत्रों का भुगतान हो, इसका प्रयास कर रही है। झारखंड चैंबर के अध्यक्ष श्री किशोर मंत्री ने भी विलंबित भुगतान पर चिंता जाहिर की। लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय छापड़िया ने कहा कि राज्य की बहुत सारी औद्योगिक इकाइयां सरकार द्वारा लंबे समय से अपने विपत्रों का भुगतान नहीं करने के कारण बंद होने के कगार पर है। एमएसएमई एक्ट 2006 में उद्यमियों के पक्ष में भुगतान संबंधी वैधानिक प्रक्रिया के संदर्भ में श्री एके सिंह ने विस्तृत जानकारी दी।

□□□

## हार्दिक बधाई

### हरियाणा के श्री संजय डाटा श्रमिकों के रोजगार से जुड़ें बोर्ड में सदस्य नियुक्त

लघु उद्योग भारती, हरियाणा की रेवाड़ी इकाई के अध्यक्ष श्री संजय डाटा को निर्माण श्रमिकों के रोजगार और कामकाजी परिस्थितियों को विनियमित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अधिनियमित एक सामाजिक कल्याण कानून BOCW बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है. लघु उद्योग भारती परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



LUB's Karnavati Sambhag organized Udyami Sammelan in the presence of National Organizing Secretary Shri Prakash Chandra ji, Industry Minister Shri Balwant Singh Rajput and Former National President Shri Baldevbhai Prajapati at Ahmedabad on 11th March, 2024.



Courtesy Meet: A Delegation of Faridabad & Ballabgarh Units met Commerce & Industry Minister Shri Moolchand Sharma and greeted him for New Portfolio.



LUB's Bihar State President Shri Shyam Sunder Bhimsaria, NWC Member Shri Ravindra Prasad Singh and General Secretary Shri Suman Shekhar met with Industry Minister Shri Nitish Mishra and discussed the state of MSMEs.




LUB's Port Blair Unit & ACCI organized a One Day Awareness Program on MSME Competitive Lean Scheme in association with MSME DFO on 12th March, 2024.



LUB's New District Unit Erode of Tamilnadu State was inaugurated in the presence of All India General Secretary Shri OP Gupta, NEC Member Shri M. Mohanasundaram, Shri Vijayaragavan & State Jt. General Secretary Shri Kalyan Sundaram on 23rd March, 2024.

UDYOG TIMES | OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI | 30 March, 2024 | Registration No. RAGBIL/2016/69093
Postal Reg. No. : Jaipur City/433/2020-22




LUB Jaipur Anchal Organized A Successful Udyami Sammelan. National Organizing Secretary Shri Prakash Chandra ji, National President Shri Ghanshyam Ojha, Dy. CM Diya Kumari, Industry Minister Shri Rajyavardhan Singh Rathore and other Officials were present on the dais.



LUB' Chhattisgarh State Unit organized a Promotional Program on Women Entrepreneurship in presence of National Organizing Secretary Shri Prakash Chandra ji at Bhilai on 19th March, 2024.




LUB's Kerala State conducted its Working Committee Meeting in the presence of National Organizing Secretary Shri Prakash Chandra ji at Kollam on 25th March, 2024.




LUB's Madhya Pradesh State Unit conducted Malwa Udyami & Startup Sammelan at Indore on 9th March, 2024.



LUB's Uttar Pradesh Delegation led by National Jt. Gen. Secretary Shri Rakesh Garg met MOS, Stamps & Court Fees (Independent Charge) and gave Memorandum regarding MSMEs.




A Seminar was conducted by the LUB's Jharkhand State Unit at Chamber Bhawan Ranchi.

*An In House Monthly Magazine of Laghu Udhog Bharti, Published by Om Prakash Mittal Printed at RAJ BLOCKS, B-81, Road No. 4, 22 Godown Industrial Area Kartapura, JAIPUR-302019*